हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 27 देहरादून, शनिवार, 15 जुलाई, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



मालन नदी पर टूटे पुल की जांच का प्रस्ताव शीघ्र भेजें : सतपाल महाराज 3

# सामूहिक चिंतन से बनेगा बेहतर हेल्थ पालिसी का आधार : मनसुख मांडविया

## मुख्यमंत्री ने गिनाई प्रदेश की स्वास्थ्य योजनाओं की उपलब्धियां






न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 15 जुलाई , केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण परिषद के 15 वें सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस दो दिवसीय स्वास्थ्य चिंतन शिविर में देश के सभी राज्यों एवं केन्द्र-शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि प्रतिभाग कर रहे हैं। इस स्वास्थ्य चितंन शिविर में 06 सत्रों को आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर स्वास्थ्य संबंधित पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग, केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रो. एस.पी.सिंह बघेल, डॉ. भारती प्रवीण पंवार, उत्तराखण्ड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, नीति आयोग के सदस्य डॉ. वी.के पॉल, सचिव स्वास्थ्य, भारत सरकार राजेश भूषण, विभिन्न राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्री तथा स्वास्थ्य सचिव उपस्थित थे।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण परिषद की यह दूसरी ऐसी बैठक है जिसे चिंतन बैठक का स्वरूप दिया गया है। उन्होंने कहा कि कुछ उपार्जन करने के लिए सामुहिक चिंतन एवं मनन बहुत आवश्यक है। इससे निकलने वाले निष्कर्ष सर्वोत्तम होते हैं। इस दो दिवसीय बैठक में जो मंथन होगा, उससे जो सुझाव मिलेंगे, वह स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत के भविष्य के लिए बहुत उपयोगी होगा। आजादी के अमृतकाल में इसके लिए विशेष प्रयास किये जा रहे हैं कि हमारा हेल्थ सेक्टर का मॉडल पूर्ण रूप से हमारे देश के अनुरूप हो।केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि 2025 तक देश को क्षय रोग से मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने अपेक्षा की कि इस दो दिवसीय स्वास्थ्य चिंतन शिविर में सभी राज्यों से अधिक से अधिक सुझाव आयेंगे, जो स्वास्थ्य सुविधाओं को और मजबूत बनाने में मदगार होंगे। इस दो दिन के मंथन में सभी को स्वास्थ्य के क्षेत्र में देश को और मजबूत बनाने के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान देना है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वास्थ्य चिंतन शिविर में प्रतिभाग कर रहे सभी अतिथियों का देवभूमि उत्तराखण्ड में स्वागत करते हुए कहा कि यह हमारे लिए गर्व एवं सम्मान की बात है कि इस वर्ष केन्द्र सरकार ने उत्तराखंड को स्वास्थ्य चिंतन शिविर कार्यक्रम आयोजित करने का अवसर प्रदान किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य चिंतन शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग की नीतियों व कार्यक्रमों के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए विशिष्ट दृष्टिकोण विकसित होगा।




मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के प्राचीन ग्रंथ दुनिया को एक परिवार के रूप में देखना सिखाते हैं। अच्छे स्वास्थ्य के लिए हमारा दृष्टिकोण 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा उत्तराखंड को हर क्षेत्र में व्यापक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। आज चाहे रोड कनेक्टिविटी हो, इंफ्रास्ट्रक्चर हो, रोपवे सेवा हो या फिर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं हो। हर क्षेत्र में लाभार्थियों तक सुविधाओं को पहुंचाने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार के परस्पर समन्वय से कार्यों का सफल सम्पादन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल दिशा निर्देशन में अटल आयुष्मान योजना प्रदेशवासियों के लिए वरदान साबित हुई है। आज प्रदेश में सभी को निःशुल्क स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही कैशलेस उपचार देने की दिशा में अटल आयुष्मान योजना प्रभावी सिद्ध साबित हो रही है। आम नागरिकों को घर बैठे स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए मोबाईल एप के जरिए ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। ई-संजीवनी सेवाएं दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्र के मरीजों के लिए बड़ी सौगात हैं। हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर के माध्यम से आम जनमानस को उनके क्षेत्रों में स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने के लिए जन आरोग्य अभियान ''एक कदम स्वस्थ्य जीवन की ओर'' का आयोजन किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2024 तक राज्य को क्षय रोग से मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए धरातल पर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में प्रदेश में बीमारियों को रोकने के लिए जन-जागरुकता फैलाने, गरीबों को सस्ता और प्रभावी इलाज देने, हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर और हेल्थ केयर प्रोफेशनल्स की क्वान्टिटी और क्वालिटी में बढ़ोतरी करने की दिशा में मिशन मोड पर कार्य कर रही है।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि उत्तराखण्ड में हो रहे इस दो दिवसीय स्वास्थ्य चिंतन शिविर में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार एवं इस क्षेत्र में अनेक नये आयाम स्थापित करने की दिशा में चिंतन होगा। उन्होंने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए जो भी आवश्यकता हुई उसके लिए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया जी का पूरा सहयोग मिला है। चारधाम यात्रा में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए भी केन्द्र सरकार से राज्य को पूरा सहयोग मिल रहा है।

# पानी की निकासी को उचित व्यवस्था बनाएं अधिकारी : भट्ट

काशीपुर। लेवड़ा नदी से हल्द्वानी स्टेट हाईवे पर होने वाले जलभराव का केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री एवं सांसद अजय भट्ट ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से जलभराव के कारणों की जानकारी ली। साथ ही पानी की निकासी की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बता दें कि बीते दिनों हुई भारी बारिश से लेवड़ा नदी उफान पर आ गई थी। जिससे नैनीताल रोड स्थित खंड विकास कार्यालय के समीप जलभराव हो गया था। इससे लोगों को आवाजाही में परेशानी उठानी पड़ी थी। शुक्रवार को सांसद भट्ट ने लेवड़ा नदी से हुए जलभराव का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा लोगों को किसी भी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए उचित व्यवस्था करें। इस दौरान उन्होंने कहा केंद्र सरकार द्वारा ऐसी परिस्थितियों के समाधान के लिए 413 करोड़ रुपये जारी किए हैं। जिससे जल्द ही कमेटी बनाकर समस्या का समाधान कराया जाएगा। यहां एसडीएम राकेश तिवारी, तहसीलदार अक्षय भट्ट, जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, विकास गुप्ता, कमल भट्ट, बिट्टू चौहान, सोनू राठौर, मंजीत सिंह राजू, गौरव शर्मा, उशांत सब्बरवाल रहे।

बांकेनगर-राजीव कॉलोनी के लोग घरों से निकलने को विवश : बाजपुर। लेवड़ा नदी के उफान में आने से क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में जलभराव की स्थिति रही। बांकेनगर, राजीव कॉलोनी, मुडिया पिस्तौर देहात आदि क्षेत्रों में लोग घर से निकलने को भी विवश रहे। मुडिया पिस्तौर निवासी दिलशाद ने बताया बारिश ने उनके घरों को जाने वाले रास्ते को भी बंद कर दिया है। प्रधान या अधिकारी उनकी परेशानी को देखने भी नहीं आया।

भट्ट ने किया क्षत्रिय महासभा में बनाए दो कक्षों का लोकार्पण : बाजपुर। सांसद अजय भट्ट ने शुक्रवार को क्षत्रिय महासभा में सांसद निधि से बनाए दो कक्षों का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकारिणी के नये पदाधिकारियों को शपथ भी दिलाई।

# सांसद निशंक ने किया डोईवाला के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

ऋषिकेश। हरिद्वार सांसद डा. रमेश पोखरियाल निशंक ने डोईवाला के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को टूटे तटबंध को बनाने सहित अन्य आवश्यक कार्य करने के निर्देश दिए। शुक्रवार को सांसद डा. रमेश पोखरियाल निशंक डोईवाला के बुल्लावाला और झबरावाला पहुंचे। वहां उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों की समस्याएं जानी। उन्होंने क्षेत्र में बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि बीते दो दिन पहले बुल्लावाला के समीप तटबंध टूट जाने से राजाजी राष्ट्रीय पार्क से आए बरसाती नाले के पानी से क्षेत्र में बाढ़ आ गई थी, जिससे क्षेत्रवासियां का काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने अधिकारियों को जल्द तटबंध बनाने, प्रभावितों को मुआवजा दिलवाने आदि के निर्देश दिए। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री राजेंद्र तडियाल, पूर्व दायित्वधारी करण वोहरा, डोईवाला नगर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेगी, रविंदर बेलवाल, प्रधान प्रतिनिधि परमिंदर सिंह, ओमप्रकाश कांबोज आदि उपस्थित रहे।

# 500 दिन अकेले गुफा में रही महिला बाहर आई तो बदल गई थी दुनिया

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 15 जुलाई : मनुष्य सामाजिक प्राणी होता है. अगर उसे समाज से काट दिया जाए तो उसका जीवन मुश्किल हो जाता है. क्या हो जब कोई 500 दिनों तक अकेले सुनसान जगह पर बिता दे. जी हां एक महिला ने इसे सच कर दिखाया है. महिला डेढ़ सालों तक अपने परिवार से दूर 230 फीट गहरी गुफा में रह रिकॉर्ड रच दिया. तो आइये जानते हैं आखिर महिला को ऐसा कदम क्यों उठाया पड़ा. दरअसल, स्पेन की रहने वाली महिला एथलीट बीट्रिज फ्लैमिनी एक पर्वतारोही हैं. दो साल पहले यानी नवंबर 2021 में वह 48 साल की थीं. तब उन्होंने ऐसा चैलेंज अपना लिया जिसके बाद उनकी दुनिया बदल गई. 20 नवंबर 2021 से लेकर 14 अप्रैल 2023 तक वह 230 फीट गहरी गुफा ग्रैंड, स्पेन में रहकर अकेले सबसे ज्यादा दिन तक गुफा में रहने का रिकॉर्ड बना दिया. बता दें कि कई साइको-लॉजिस्ट, रिसर्चर और स्पीलियोलॉजिस्ट (गुफाओं पर शोध करने वाले) ने मिलकर एक शोध को अंजाम दिया जिसके जरिए ये जानना था कि इंसानी शरीर और दिमाग की





क्षमताएं कितनी हैं. इस शोध से ये जाना गया कि वीरान जगहों पर अकेले रहने से इंसान के शरीर में और उसके हाव भाव में क्या बदलाव आते हैं. इसीलिए बीट्रिज फ्लैमिनी को अकेले 500 दिनों तक गुफा में रहना पड़ा. बीट्रिज फ्लेमिंग ने बताया कि दो महीने के बाद से उन्हें समय का अंदाजा नहीं लगा.

उन्होंने 70 मीटर गहरी गुफा में रहकर अकेले ही दो बार जन्मदिन मनाया. उनके लिए एक सपोर्ट टीम रखी गई थी, जो उनके ऊपर दिन रात नजर रखती थी पर वो किसी भी तरह उनसे संपर्क नहीं कर सकती थीं. सपोर्ट टीम ने बताया कि उनका अधिकतर वक्त एक्सरसाइज करने में बीता. इसके अलावा वो ड्रॉइंग करती थीं, और ऊनी टोपियां बिना करती थीं. इस डेढ़ साल के वक्त में उन्होंने करीब 1000 लीटर पानी पिया और 60 किताबें पढ़ डालीं पिछले डेढ़ सालों में महिला नहाई भी नहीं है. जब वो बाहर निकलीं तो तब दुनिया बदल चुकी थी. लंदन में क्वीन एलिजाबेथ द्वितीय की मौत हो चुकी थी. रूस ने यूक्रेन पर हमला कर दिया था. साथ ही पूरी दुनिया कोविड महामारी से जूझ रही थी. बीट्रिज फ्लैमिनी ने कहा कि गुफाएं काफी सुरक्षित स्थान हैं, लेकिन इंसान और मस्तिष्क के लिए बहुत प्रतिकूल हैं क्योंकि आप दिन का प्रकाश नहीं देखते हैं, आप नहीं जानते कि समय कैसे बीत रहा है.

# डीएम अध्यक्षता में कलेक्ट्रट में हुआ स्टॉफ बैठक का आयोजन

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिर्णा सभागार कलेक्ट्रट में स्टॉफ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों सहित सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों को अपने न्यायालय में लम्बित वादों का निस्तारण करने हेतु नियमित कोर्ट लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि 5 वर्ष एवं एक वर्ष से 3 वर्ष तक के लम्बित वादों को प्राथमिकता से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने मुख्य देय एवं विविध देय वसूली कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही दाखिला खारिज के प्रकरणों में तेजी से अभिलेख जांचते हुए कार्यवाही करें। उन्होंने तहसीलदारों को निर्देशित किया कि अपने से सम्बंधित रिट को ध्यानपूर्वक देखें तथा रिट में संबंधित लेखपाल से जांच कराते हुए सुस्पष्ट आख्या प्रेषित की जाए। उन्होंने उपजिलाधिकारियों को अंश निर्धारण कार्यों के साथ ही स्टॉम्प वाद निस्तारण करने के निर्देश दिए। निर्देशित किया कि भूमि की खरीद-फरोख्त के दाखिला खारिज के प्रकरणों में पुराने अभिलेखों का मिलान करें। वैध अभिलेखों के साथ ही दाखिला खारिज प्रकरण निपटाएं। साथ ही निर्देशित किया कि भूमि धोखाधड़ी के वादों में पक्ष बनाने से पहले दोनों पक्षों के अभिलेखों की जांच उपरान्त ही पार्टी बनाई जाए। उन्होंने आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया कि शराब की दुकानों पर ओवर रेटिंग की शिकायतों पर जांच करते हुए कार्यवाही करें ओवर रेटिंग करने वालों के विरूद्ध भारी अर्थदण्ड की कार्यवाही करें। उन्होंने निर्देशित किया कि शराब की दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाए। खाद्यय विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि खाद्य सामग्री घटतोली की शिकायतों पर जांच करते हुए कार्यवाही करें। साथ ही राशन की दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के भी निर्देश दिए। पुलिस विभाग संबंधी वादों यथा बलवा, किडनैपिंग, पोक्सो एक्ट, दहेज, बलात्कार की समीक्षा के दौरान डीजीसी को पोक्सो एक्ट, दहेज, बलात्कार प्रभावी पैरवी करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने समस्त उपजिलाधिकारियों एंव तहसीलदारों को संबंधित एसओ एवं सीओ के साथ समन्वय करते हुए प्रतिदिन संवाद करने के निर्देश दिए। जिससे क्षेत्र में घटित हो रही घटनाओं की जानकारी रहे ताकि बेहतर समन्वय से आपदा के दृष्टिगत अच्छे तालमेल से राहत बचाव कार्यों में त्वरित प्रक्रिया दी जा सकें।

बैठक में डीआईजी/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दलीप सिंह कुंवर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजी शरण शर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ0 एस.के बरनवाल, मुख्य कोषाधिकारी रोमिल चौधरी, सहित समस्त उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार व राजस्व कार्मिक/स्टॉफ तथा वर्चुअल के माध्यम से तहसील ऋषिकेश, डोईवाला, मसूरी, विकासनगर, चकराता के उपजिलाधिकारियों ने वर्चुअल माध्यम से बैठक में प्रतिभाग किया।

## हरेला पर्व की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में डीएम ने ली बैठक

देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने ऋषिपर्णा सभागार कलैक्ट्रेट में हरेला पर्व की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने नोडल विभाग, वन विभाग के अधिकारियों से हरेला पर्व के अवसर पर 16 जुलाई को जनपद में आयोजित किए जाने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि हरेला पर्व के अवसर पर समस्त शैक्षणिक सस्थान, स्कूल, कॉलेज विभागों को अपने कार्यालय परिसर में 10 पौधे अनिवार्य रूप से रोपित करने का लक्ष्य दिया जाए तथा जिन कार्यालयों के पास अधिक जगह है वह 50 पौधे अपने परिसरों में रोपित करेंगे। उन्होंने एमडीडीए, नगर निगम, सिंचाई, लोनिवि, के अधिकारियों को अपनी-अपनी भूमि पर वृहद्ध रूप से वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए साथ ही निर्देशित किया कि यह भी सुनिश्चित कर लिया जाए कि जिन पौधों को रोपित किया जा रहा है उनके संरक्षण की व्यवस्था भी कर ली जाए। उन्होंने हरेला पर्व के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम स्थल रायपुर रोड़ निकट क्रिकेट स्टेडियम में कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थाएं बनाने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि हरेला पर्व को मनाते हुए जनपद में वृहद्ध स्तर पर वृक्षारोपण किया जाए इसके लिए नोडल विभाग के अधिकारियों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिए। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी देहरादून नितीश मणी त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ0 एस.के बरनवाल, प्रभागीय वनाधिकारी चकराता कल्याणी एवं प्रभागीय वनाधिकारी कालसी, जिला विकास अधिकारी ,उपजिलाधिकारी मुख्यालय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्तराखंड में सभी छोटे-बड़े पुलों की क्षमता के सेफ्टी आडिट के आदेश

देहरादून। राज्य सरकार ने सभी छोटे-बड़े पुलों की क्षमता का आकलन कराने के लिए सेफ्टी आडिट का फैसला लिया है। उधर, लोनिवि मंत्री सतपाल महाराज ने कोटद्वार के मालन नदी पर बने पुल के टूटने के मामले में जांच के आदेश दिए हैं। शुक्रवार को लोनिवि सचिव डा. पंकज कुमार पांडेय ने प्रमुख अभियंता को सभी पुलों का सेफ्टी आडिट कराने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पुलों की मरम्मत समय पर होने, भार क्षमता से अधिक यातायात होने, पुलों के समीप साइनेज न होने और अत्यधिक समय होने से भारी बारिश के चलते क्षतिग्रस्त होने की सूचना है। इसकी वजह से जान माल के नुकसान के साथ ही आवागमन भी बाधित हो रहा है। उन्होंने कहा कि पुल टूटने या उनकी वजह से भविष्य में दो भी दुर्घटना होगी, उसके लिए भविष्य में संबंधित अधिशासी अभियंता जिम्मेदार होंगे। सचिव ने सभी पुलों का सेफ्टी आडिट कर एक माह के भीतर उनके मरम्मत का प्रस्ताव शासन को भेजने की हिदायत दी। विदित है कि गुरुवार को कोटद्वार के समीप मालन नदी पर बने पुल का पिलर ध्वस्त हो गया था, जिससे पुल का कुछ हिस्सा नदी में गिर चुका है। इस वजह से पुल पर आवाजाही ठप है। उधर, कैबिनेट मंत्री महाराज ने सचिव लोनिवि डा. पंकज पांडेय को कोटद्वार के मालन नदी पर पुल टूटने के जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने पुल के गिरने की वजह की विस्तृत रिपोर्ट भी मांगी है। कहा कि जब तक पुल नहीं बन जाता है तब तक लोगों की आवाजाही के लिए वैकल्पिक मार्ग खोले जाएं। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के चलते राज्यभर में काफी सडक़ें अवरुद्ध हैं, जिन्हें जल्द खोला जाए, ताकि लोगों की परेशानी को कम किया जा सके। महाराज ने प्रमुख अभियंता सिंचाई जयपाल सिंह को प्रदेश की सभी नदियों की स्थिति और जल स्तर का ब्योरा भी तलब किया है।

### नींबूवाला के सांस्कृतिक केन्द्र में होगी एक माह की लोक बोली भाषा प्रशिक्षण कार्यशाला

देहरादून। हिमालयन सांस्कृतिक केंद्र गढ़ी कैंट नींबूवाला में संस्कृति विभाग की ओर से अगस्त में एक माह की लोक बोली भाषा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में गढ़वाली कुमाऊंनी एवं जौनसारी बोली भाषा को सिखाने के लिए बोली भाषा प्रशिक्षकों द्वारा माह अगस्त से प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को सायं साढ़े तीन से साढ़े पांच बजे तक बोली भाषा प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित होगी। कार्यशाला में प्रतिभाग करने के इच्छुक व्यक्ति संस्कृति निदेशालय एमडीडीए कॉलोनी चंदर रोड डालनवाला से आवेदन पत्र का प्रारूप प्राप्त कर इसे पूर्ण रूप से भरकर संस्कृति निदेशालय में 31 जुलाई तक किसी भी कार्य दिवस में जमा कर सकता है। अभ्यर्थियों से कोई भी शुल्क नहीं लिया जाएगा। निदेशक संस्कृति बीना भट्ट ने बताया कि उत्तराखंड राज्य का यह पहला सांस्कृतिक केंद्र है जो उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का एक सजीव चित्र नियमित रुप से लगातार प्रस्तुत करता रहेगा। यह केन्द्र राज्य की सांस्कृतिक विरासत को भी भावी पीढ़ी तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। नवनिर्मित सांस्कृतिक केंद्र में एक बृहद संग्रहालय स्थापित किया गया है, जिसमें अनेक कलाकृतियां, मूर्तिकला इत्यादि संग्रहीत है।

# मालन नदी पर टूटे पुल की जांच का प्रस्ताव शीघ्र भेंजे : सतपाल महाराज

## नदियों की स्थिति का ब्यौरा भी किया तलब

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 15 जुलाई , प्रदेश के लोक निर्माण, सिंचाई, लघु सिंचाई, पर्यटन, पंचायती राज, ग्रामीण निर्माण, जलागम प्रबन्धन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने भारी बारिश के बाद बाढ़ और भू-कटाव की चपेट में आये कोटद्वार के मालन नदी पर बने पुल के टूटने के मामले में लोक निर्माण विभाग के सचिव पंकज पाण्डेय को जांच के आदेश दिए हैं।प्रदेश के लोक निर्माण, सिंचाई, लघु सिंचाई, पर्यटन, पंचायती राज, ग्रामीण निर्माण, जलागम प्रबन्धन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने भारी बारिश के बाद बाढ़ और भू-कटाव की चपेट में आये कोटद्वार के मालन नदी पर बने पुल के टूटने के मामले में सख्त रुख अख्तियार करते हुए लोक निर्माण विभाग के सचिव पंकज पाण्डेय को शीघ्र इसकी जांच का प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सचिव को निर्देश दिए हैं कि पुल के गिरने के क्या कारण रहे हैं इसकी विस्तृत जांच की जाए।लोनिवि मंत्री महाराज ने विभागीय सचिव को निर्देश दिये हैं कि सड़कों के अवरुद्ध होने की स्थिति में वैकल्पिक मार्गो को खोला जाए।

उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि बरसात बंद होने के पश्चात तत्काल प्रदेश की सभी सड़कों को ठीक करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने सिंचाई विभाग के प्रमुख अभियंता जयपाल सिंह से प्रदेश की सभी नदियों की स्थिति और जल स्तर का ब्यौरा भी तलब किया है।



# गढ़वाल से कुमाऊं की कनेक्टिविटी होगी मजबूत, शुरू होने जा रही है फ्लाइट सर्विस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




पिथौरागढ़ 15 जुलाई : पिथौरागढ़ की जनता हवाई सेवा शुरू होने का इंतजार कर रही है, और ये इंतजार जल्द ही खत्म होने वाला है। सीमांत जिले पिथौरागढ़ से देहरादून के बीच इसी महीने से हवाई सेवा शुरू हो सकती है। फ्लाईबिग एयरलाइंस का विमान पहले ही दिल्ली से जौलीग्रांट पहुंच गया है। फिलहाल विमानन कंपनी दूसरी औप-चारिकताएं पूरी करने में जुटी है। डीजीसीए की अनुमति मिलने के बाद 25 जुलाई से यह उड़ान शुरू हो सकती है। फ्लाई बिग देहरादून-पिथौरागढ़ के बीच हवाई सेवा शुरू करने जा रही है।कंपनी ने एयरपोर्ट पर सेटअप भी बना लिया है। डीजीसीए की टीम एक बार दौरा कर कंपनी के सेटअप का जायजा ले चुकी है। अब इंजीनियरिंग ऑडिट के लिए जल्द ही दोबारा टीम एयरपोर्ट आ सकती है। उम्मीद की जा रही है कि दस दिन में सभी विमान की जांच, इंजीनियरिंग सेटअप और जरूरी दस्तावेजों की जांच आदि सभी औप-चारिकताएं पूरी कर फ्लाइट शुरू कर दी जाएगी। एयरपोर्ट डायरेक्टर प्रभाकर मिश्रा ने बताया कि डीजीसीए की अनुमति मिलते ही फ्लाइट शुरू कर दी जाएगी।

फ्लाई बिग पहली बार देहरादून एयरपोर्ट से अपनी उड़ान शुरू करने जा रही है। कंपनी का 17 सीटर विमान 30 जून को ही एयरपोर्ट पहुंच चुका है। यह फ्लाइट देहरादून-पिथौरागढ़-पंतनगर के बीच संचालित होगी। डीजीसीए की अनुमति मिलते ही टिकट बुकिंग का काम शुरू हो जाएगा। इस हवाई सेवा के शुरू होने से गढ़वाल और कुमाऊं क्षेत्र के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होगी। देहरादून-पिथौरागढ़ के बीच एक घंटे में हवाई सफर को पूरा किया जा सकेगा। इस विमान का बेस जौलीग्रांट में ही रहेगा। यानि देहरादून-पिथौरागढ़ के बीच उड़ान भरने के बाद इस विमान को जौलीग्रांट में ही पार्क किया जाएगा। वर्तमान में जौलीग्रांट से तीन कंपनी इंडिगो, विस्तारा, एलाइंस एयर की उड़ान संचालित हो रही हैं। फ्लाई बिग चौथी विमानन कंपनी होगी जो जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर अपनी उड़ान संचालित करेगी।

# इस दिव्यांग खिलाड़ी के लिए दिल्ली के मंत्री बने सहारा, ये है मामला

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



दिल्ली , 15 जुलाई , विनय कुमार कुश एक दिव्यांग पारा एथलीट हैं जो ड्रैगन बोटिंग एवम निशानेबाजी में कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरुस्कार जीत चुके हैं। आगामी 7 अगस्त से 14अगस्त 2023 को थाइलैंड के पटाया शहर में 16वी विश्व ड्रैगन बोटिंग के चैंपियन-नशिप का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सहभागिता हेतु ड्रैगन बोट इंडिया ने विनय कुमार कुश का चयन किया है। लेकिन दुर्भाग्यवश विनय अर्थाभाव के कारण थाईलैंड जाने के लिए यात्रा व्यय के लिए अत्यधिक कठिनाई का अनुभव कर रहे थे।

ऐसे में उन्होंने दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री राजकुमार आनन्द एवम राज्य दिव्यांग आयुक्त, दिल्ली सरकार रंजन मुखर्जी से सम्पर्क किया। मंत्री और आयुक्त ने विनय कुमार कुश की हवाई यात्रा के किराए की जरूरतों को समझा और पारा चैंपियनशिप में देश का नाम रोशन करने के लिए उनकी आर्थिक सहायता का निश्चय किया। उन्होंने एम एम पाल सिंह गोल्डी और गुरुपाल सिंह को इस नेक कार्य में आर्थिक सहायता हेतु निवेदन किया। एम एम पाल सिंह और गुरपाल सिंह सामाजिक कार्यकर्ता और फिलेंथ्रोपिस्ट हैं और उन्होंने तत्काल ही 1 लाख रुपए का चेक विनय कुमार कुश को प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान कर दिया.. मंत्री राजकुमार आनन्द के कार्यालय में एक सादे समारोह में मंत्री ,आयुक्त रंजन मुखर्जी और एम एम पाल सिंह गोल्डी और गुरुपाल सिंह ने विनय कुमार कुश को एक लाख का चेक प्रदान किया।

## संक्षिप्त खबरें

### जिलाधिकारी अध्यक्षता में जिला गंगा समिति की बैठक आयोजित

अल्मोड़ा। जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति की बैठक नवीन कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा पूर्व में हुई बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में अधिकारियों द्वारा की गई गतिविधियों की समीक्षा की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने संबंधितों को निर्देश दिए कि मुख्य नदियों में गिरने वाले नालों आदि में सफाई की जाए। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि उन सभी गांव की सूची तैयार की जाए जो नदियों के किनारे बसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे सभी गांव के बारे में डाटा तैयार किया जाए, कि उनका सीवेज कहां निस्तारित किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि गांव का सीवेज नदियों में सीधा डाला जा रहा हो, तो उसको रोकने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाई जाए, जिसमे सीवेज के ट्रीटमेंट किए जाने का बेहतर प्रबंधन हो। इस दौरान उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्रों में कूड़े के सिग्रिगेशन को प्रभावी किया जाए। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी दीपक सिंह, अधिशाषी अधिकारी भरत त्रिपाठी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### हरेला पर्व पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के सम्बन्ध हुई चर्चा

अल्मोड़ा। हरेला पर्व पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में आज कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के बारे में चर्चा की गई तथा जिलाधिकारी ने इस संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्य वृक्षारोपण कार्यक्रम स्यालीधार में बन रहे साइंस पार्क परिसर में किया जाना है। साथ ही सभी ब्लॉकों तथा तहसील स्तर पर भी सम्पूर्ण जनपद में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी दीपक सिंह, सिविल सोयम के प्रभागीय वनाधिकारी ध्रुव सिंह मर्तोलिया समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### भाजपा महिला मोर्चा की टिफिन प्रतियोगिता संपन्न

अल्मोड़ा। यूएन द्वारा वर्ष 2023 को मिलेट( दलहन ) वर्ष घोषित किया गया है। इसी के तहत राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा महिला मोर्चा द्वारा जुलाई माह को मिलेट माह के रुप में मनाने का निर्णय लिया गया है। जिसके अंतर्गत देश भर के प्रत्येक जनपद में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल के निर्देशानुसार अल्मोड़ा जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष लीला बोरा के नेतृत्व में शुक्रवार को महिला मोर्चा के द्वारा टिफिन बैठक आयोजित कर मोटे अनाज के तरह तरह से व्यंजन बनाने को व्यंजन प्रतियोगिता कराई गई।


# मानसून में बढ़ा डेंगू का खतरा , Dengue Fever के ये 6 लक्षण दिखते ही तुरंत कराए जांच

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 15 जुलाई : मानसून का मौसम जारी है और पिछले कई दिनों से बारिश हो रही है। डेंगू एक वायरल बीमारी है, जो एडीज इजिप्टी नामक एक विशेष मच्छर के काटने से फैलती है। डेंगू दो तरह का होता है एक है क्लासिकल डेंगू बुखार, जिसे 'हड्डी तोड़' बुखार भी कहा जाता है और दूसरा है डेंगू हेमरेजिक फीवर (डीएचएफ) जो जानलेवा है। डेंगू के संक्रमित मादा मच्छर दिन के समय (सुबह से शाम तक) घर के अंदर और बाहर दोनों जगह लोगों को संक्रमित कर सकते हैं। चलिए जानते हैं डेंगू के क्या लक्षण हैं और आपको इससे निपटने के लिए क्या कदम उठाने चाहिए। डेंगू के प्रारंभिक लक्षण मच्छर काटे जाने के 5-6 दिनों के बाद विकसित होते हैं, इन लक्षणों में शामिल हैं-अचानक तेज बुखार आना , पीठ के पीछे दर्द,आंखें, मांसपेशियों, जोड़ों और हड्डियों में दर्द, गंभीर सिरदर्द, पेट में बेचैनी होना,त्वचा पर लाल धब्बे होना,डेंगू होने पर आपको पानी और तरल पदार्थों का सेवन बढ़ा देना चाहिए, हल्का भोजन करें, खूब आराम करें

डेंगू के उपचार में बुखार के लिए पेरा-सिटामोल, मतली के लिए एंटीएमेटिक्स की सलाह दी जाती है। उपचार के साथ-साथ तरल पदार्थों के सेवन की सलाह दी जाती है। ध्यान रहे कि डेंगू के लिए कोई एंटीवायरस उपचार उपलब्ध नहीं है और एंटीबायोटिक दवाओं की कोई भूमिका नहीं है। डेंगू के अवधि दो से सात दिनों की होती है और चौथा व पांचवा दिन काफी घातक होते हैं क्योंकि इस दौरान प्लेटलेट काउंट गिर जाता है और तब आपको बहुत सावधान रहना होगा। इस दौरान त्वचा के दानों पर तुम्हें दाने नहीं होने चाहिए। यदि आपको तीसरे, चौथे या पांचवें दिन दाने निकलते हैं तो आपको अपना प्लेटलेट काउंट की जांच करानी चाहिए।डेंगू से बचने के लिए आपको बुनियादी सावधानियों का पालन करना चाहिए। इससे अस्पताल में भर्ती होने और जटिलताओं को रोकने में काफी मदद मिलती है। घर के आसपास और पानी के टंकी सफाई करें ,घर के दरवाजे और खिड़की पर पर्दे लगाकर रखें डिस्क्लेमरः यह लेख केवल सामान्य जानकारी के लिए है। यह किसी भी तरह से किसी दवा या इलाज का विकल्प नहीं हो सकता। ज्यादा जानकारी के लिए हमेशा अपने डॉक्टर से संपर्क करें।






# लोगों की इन बातों को सुनते ही चिढ़ जाती हैं ऑफिस जाने वाली मांएं

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 15 जुलाई : मांओं की जिंदगी बिलकुल भी आसान नहीं होती है और अगर आप वर्किंग मदर हैं, तो आपके लिए तो मुश्किल डबल होंगी। वर्किंग मदर्स से अक्सर कुछ सवाल पूछे जाते हैं जिन्हें सुनकर शायद उनका मूड खराब हो जाता है। समाज ने कुछ नियम बनाए हैं जिनके अनुसार औरतों को घर संभालना है लेकिन आज की महिलाओं को घर संभालने के साथ-साथ घर चलाना भी होता है। किसी मां से ये पूछना कि उसे कैसा लगता है जब वो अपने बच्चे को घर पर अकेला छोड़कर ऑफिस जाती है, इस तरह के सवाल पूछना औरतों की भूमिका को सीमित करना और उनकी प्रतिभा को कम आंकने जैसा लगता है।



यहां हम आपको कुछ ऐसे सवालों के बारे में बता रहे हैं जो एक वर्किंग मदर से अक्सर पूछे जाते हैं लेकिन उनके दिल को काफी चुभते भी हैं।जो औरत घर से बाहर निकल कर काम करती है, उनसे अक्सर ये उम्मीद की जाती है कि वो अपने पति से काम करने की इजाजत लेकर आती है। भले ही किसी घर में ऐसा ना होता है लेकिन फिर समाज तो उसे उसी नजर से देखता है। एक औरत का करियर तभी टिक सकता है, जब उसका पति उसे परमिशन दे।आज भी कई लोगों की ऐसी ही सोच है। इसके अलावा औरतों से ये सवाल भी पूछा जाता है कि क्या उनकी सैलरी उनके पति से ज्यादा है। अगर पत्नी की इनकम अपने पति से कम हो या बहुत ज्यादा कम हो, तो उसके नौकरी करने पर सवाल उठा दिए जाते हैं।

अगर पैसा कम मिल रहा है, तो काम करने की क्या जरूरत है, इससे तो बेहतर है घर पर बैठो। कई लोग औरतों से इस तरह की बातें करते हैं।किसी औरत के सपने को नीचे गिराने का ये एक और तरीका है। आप लगातार उनके दिमाग में ये भर रही हैं कि उनका करियर उनकी पहली नहीं बल्कि दूसरी प्राथमिकता होनी चाहिए। अपने पैशन को पूरा करने वाली हर औरत से शायद हर दिन कोई ना कोई ये सवाल तो पूछ ही लेता है। सोसायटी ये नहीं समझ पा रही है कि एक औरत एक साथ एक कंपनी की सीईओ होने के साथ-साथ एक अच्छी मां भी बन सकती है।

हर औरत से ये सवाल पूछा जाता है जो शायद सबसे ज्यादा तकलीफ देता हो। जब आपको ऑफिस में बेस्ट इंप्लॉयी के साथ-साथ बेस्ट मदर का रोल भी निभाया हो, तो कितनी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, ये तो बस एक औरत ही जानती है।

# फुटबॉल प्रतियोगिता की विजेता टीम के खिलाड़ी करन का किया स्वागत

अल्मोड़ा। राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप में विजेता उत्तराखण्ड राज्य की फुटबॉल टीम के खिलाड़ी करन सैरोट का यहाँ मुख्य शिक्षाधिकारी कार्यालय में स्वागत किया गया। करन वर्तमान में शिक्षा विभाग जनपद अल्मोड़ा के खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय भैसियाछाना, अल्मोड़ा में कनिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत हैं। करन ने नेशनल चैम्पियनशिप में 10 गोल दागकर टीम को विजय दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई व फाइनल मैच में 2 गोल दागे। राज्य व शिक्षा विभाग में करन सैरोट के उपलब्धि पर ख़ुशी का माहौल है। करन को उनकी उपलब्धि पर प्रधानमंत्री द्वारा भी 03 जुलाई को नई दिल्ली में सम्मानित किया गया। करन ने फुटबॉल की शुरूआत वर्ष 2005 से कोच डेरेक पीटरसन के नेतृत्व में की। वर्तमान में भारत के फुटबॉल के शीर्षस्थ क्लब मोहन बागान द्वारा करन सैरोट को आमंत्रित किया गया है। करन की उपलब्धि पर समस्त शिक्षा विभाग ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान करते हुए शुक्रवार को मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय में मुख्य शिक्षा अधिकारी हेमलता भटट एवं वित्त अधिकारी जगदीश सिंह बिष्ट के नेतृत्व में समस्त कार्मिकों द्वारा सम्मानित किया गया। यहाँ सम्मानित करने वालों में पुष्कर सिंह भैसोड़ा, सुरेश चन्द्र जोशी, देवेन्द्र पाठक, राजन सिंह नेगी, दीपिका मिश्रा, विजय कुमार पाठक, दुर्गा नेगी, पंकज कुमार जोशी, दिनेश चन्द्र, देवेन्द्र सिंह नेगी, हयात जम्याल, गोविन्द मेहता, दीप चन्द्र पाण्डे, जगदीश सोनल, पान सिंह मेर, कमल बिष्ट, सहित कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### नगर आयुक्त ने मोहब्बेवाला में जलभराव की समस्या का जायजा लिया

देहरादून। जलभराव की समस्या को हल करने के लिए नगर निगम के स्तर से हर संभव ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। कई वार्डों में सोकपिट बनाने का काम चल रहा है। जहां नाले नालियां चोक होंगे, वहां मौके पर टीमें भेजकर सफाई का कार्य करवाया जाएगा। नगर आयुक्त मनुज गोयल ने शुक्रवार को मोहब्बेवाला में जलभराव की समस्या का जायजा लेने के बाद कही। उन्होंने सहायक नगर आयुक्त एसपी जोशी, सफाई इंस्पेक्टर राजेश पंवार को निर्देश दिए कि पंप की मदद से बारिश के पानी की निकासी करवाएं। अधिकारी ने इस दौरान सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। वहीं कारगी डंपिंग साइट पर सनलाइट कंपनी के पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि कूड़ा समय से प्लांट भिजवाना सुनश्चित करें। ताकि आसपास के लोगों को कोई दिक्कत न हो। इसके अलावा शीशमबाड़ा स्थित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट पर नैकॉफ कंपनी को प्लांट परिसर में एकत्रित आरडीएफ की सप्लाई में तेजी लाने और जैविक कूड़े से खाद बनवाने को कहा। अधिकारी ने कहा कि नगर निगम के स्तर से जलभराव की समस्या हल करने और सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

### छह ग्राम स्मैक संग हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

देहरादून। 2018 से लेकर अब तक छह मुकदमों में गिरफ्तार हुए आरोपी को धारा चौकी पुलिस ने छह ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। धारा चौकी इंचार्ज आशीष रावत ने बताया कि गुरुवार रात सेंट थॉमस स्कूल के पास गली से मोहम्मद उबैद (22) निवासी गांधी रोड, नया नगर निकट इनामुल्ला बिल्डिंग को गिरफ्तार किया गया। स्मैक मिलने पर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया।

### नीति आयोग के सदस्य ने किया हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों का दौरा

देहरादून। नीति आयोग के सदस्य डॉ वीके पॉल ने शुक्रवार को देहरादून जनपद के हेल्थ वेलनेस केंद्र शशेरगढ़ और हेल्थ वेलनेस केंद्र चंद्रोटी का भ्रमण किया। उन्होंने यहां पर दी जा रही सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी अफसरों, सीएचओ कविता रावत से ली। इस दौरान सीएमओ डा. संजय जैन, एसीएमओ एनएचएम डा. निधि रावत मौजूद रहे।

### उपनल का डीए स्थगित होने पर भडक़े कर्मचारी

देहरादून। ऊर्जा निगमों के उपनल कर्मचारियों का महंगाई भत्ता का आदेश स्थगित किए जाने का विरोध शुरू हो गया है। कर्मचारी संगठनों ने अफसरों पर कर्मचारियों के उत्पीडऩ और उनकी भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। हाइड्रो इलेक्ट्रिक इम्प्लाइज यूनियन के अध्यक्ष केहर सिंह ने कहा कि उपनल कर्मचारी ही पूरे पॉवर सेक्टर को संभाले हुए हैं। चाहे बिजली लाइनों, सब स्टेशनों का संचालन हो या हाइड्रो पॉवर प्लांट का संचालन, सब जगह उपनल कर्मचारी ही अग्रिम मोर्चे पर हैं। यूनियन के कार्यवाहक अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि आदेश स्थगित किए जाने का जोरदार विरोध किया जाएगा। उपनल कर्मचारियों को न्याय दिलाने को सडक़ों पर आंदोलन से भी परहेज नहीं किया जाएगा। वित्त विभाग के जो अफसर अब विरोध जता रहे हैं, ये फैसला उन्हीं की मौजूदगी में हुआ था। विद्युत संयुक्त संघर्ष मोर्चा के संयोजक इंसारुल हक ने कहा कि ऊर्जा के तीनों निगमों के उपनल कर्मचारियों का काम अन्य विभागों की तुलना में पूरी तरह अलग है। खतरनाक बिजली की लाइनों, सब स्टेशनों, ट्रांसफार्मरों पर काम करने के दौरान हर साल कई उपनल कर्मचारियों की मौत हो जाती है। कई कर्मचारी करंट लगने से आजीवन अपंग हो जाते हैं। यही वजह है जो इन कर्मचारियों को हाईकोर्ट ने नियमित करने और समान काम का समान वेतन देने का आदेश किया था।

# बूथ लेवल सत्यापन 21 जुलाई 2023 से 21 अगस्त 2023 तक : मुख्य निर्वाचन अधिकारी



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 15 जुलाई , मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड डॉ वी षणमुगम ने जानकारी दी कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अपने पत्र संख्या-23/2023-ERS (Vol.III) दिनांक 29 मई, 2023 के द्वारा विधान सभा निर्वाचक नामावली का 1 जनवरी, 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण हेतु कार्यक्रम नियत करते हुए पुनरीक्षण पूर्व गतिविधियों से निर्वाचक नामावली के आलेख्य प्रकाशन और अंतिम प्रकाशन तक की गतिविधियों के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश निर्गत किए गए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ वी. षणमुगम ने बताया कि सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, बूथ लेवल ऑफिसर्स हेतु निर्वाचक नामावली से सम्बन्धित सभी कानूनों व दिशा निर्देशों के प्रशिक्षण की व्यवस्था तथा आईटी एप्लीकेशन व सिस्टम की ट्रेनिंग 01 जून 2023 से 20 जुलाई 2023 तक दी जाएगी।मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ वी. षणमुगम ने बताया कि बूथ लेवल बी.एल.ओ द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन 21 जुलाई 2023 से 21 अगस्त 2023 तक किया जाएगा। पोलिंग स्टेशन का सुव्यवस्थीकरण एवं पुनः व्यवस्था, निर्वाचक नामावली तथा मतदाता पहचान पत्रों में मौजूद गलतियों में सुधार, अच्छी गुणवत्ता वाली फोटो अपडेट, पोलिंग स्टेशन की सूची का अनुमोदन प्राप्त करना, कन्ट्रोल टेबल का अद्यतीकरण जैसे कार्य 22 अगस्त 2023 से 29 सितम्बर 2023 तक सम्पन्न किए जाएंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ वी. षणमुगम ने बताया कि फॉर्मेट 1 से 8 को तैयार करना, सप्लीमेंटस तथा एकीकृत ड्राफ्ट रॉल को तैयार करना 30 सितम्बर 2023 से 16 अक्टूबर 2023 तक सुनिश्चित किया जाएगा। एकीकृत मसौदा निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 17 अक्टूबर 2023 को किया जाएगा। 17 अक्टूबर 2023 से 30 नवम्बर के मध्य दावे तथा आपत्तियां दर्ज की जाएंगी। 4, 5, 25, 26 नवम्बर 2023 को विशेष शिविर दिवस आयोजित किए जाएंगे। 26 दिसम्बर 2023 को दावों और आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। 01 जनवरी 2024 को मानकों की जांच तथा अन्तिम प्रकाशन हेतु आयोग की अनुमति ली जाएगी।

इसके साथ ही इस दिन सप्लीमेंटस की प्रिंटिंग तथा डाटाबेस का अद्यतीकरण किया जाएगा। निर्वाचक नामावली का अन्तिम प्रकाशन 05 जनवरी 2024 को किया जाएगा। इस दौरान संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रताप शाह, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तूदास भी मौजूद रहे।

## उत्तराखंड : शहद उत्पादन से किस्मत संवार रहे हैं चम्पावत जिले के युवा, दिल्ली-मुंबई तक है डिमांड

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





चम्पावत 15 जुलाई : बेरोजगारी की समस्या को हर व्यक्ति अच्छे से जानता है। आज के समय व्यक्ति इतना पढ़ा लिखा है बावजूद इसके वह बेरोजगार बैठा है। जनसंख्या इतनी बढ़ चुकी है, कि हर किसी को रोजगार मिलना लगभग नामुमकिन सा हो गया है। ऐसे में बात आती है स्वरोजगार की, जो कि पहाड़ के युवाओं को खूब लुभा रहा है।। सरकार भी युवाओं की मदद करने के लिए हमेशा तत्पर रहती है। स्वरोजगार के बढ़ते क्रेज के बीच सीएम धामी ने एक शानदार पहल की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर चंपावत जिले को शहद उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी जिला बनाए जाने के लिए प्रशासन स्तर से भी प्रयास शुरू हो गए हैं।

उद्यान विभाग द्वारा काश्तकारों को मौन पालन का प्रशिक्षण देने के अलावा उनके द्वारा उत्पादित शहद को बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है।डीएम के निर्देश पर उद्यान विभाग को खनिज न्यास निधि से पहली किस्त के रूप में 23.1768 लाख की धनराशि प्रदान की गई है। इस धनराशि का उपयोग युवाओं को प्रशिक्षण देने में किया जाएगा। दरअसल चंपावत में मौन पालन की संभावनाएं काफी अधिक हैं। वर्तमान में सूखी डांग क्षेत्र के कई गांवों के अलावा लधियाघाटी, पंचेश्वर और रामेश्वर जैसे घाटी क्षेत्रों में भी बड़े पैमाने पर शहद उत्पादन हो रहा है।

मौन पालन की भारी संभावनाओं को देखते हुए मुख्यमंत्री धामी ने प्रशासन को शहद उत्पादन के क्षेत्र में चंपावत जिले को राज्य का अग्रणी जिला बनाने के निर्देश दिए हैं। जिला उद्यान अधिकारी टीएन पांडेय ने बताया कि जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में काश्तकारों खासकर युवाओं को मौन पालन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बताया कि वर्तमान समय में सूखी डांग क्षेत्र में शहद उत्पादन के क्षेत्र में अच्छा काम हो रहा है। यहां के कई निवासी व्हाइट हनी, मल्टीफ्लोरा, कड़वा शहद, क्रीम हनी और छत्ता शहद का बड़े पैमाने पर उत्पादन कर रहे हैं। सूखी डांग में उत्पादित हो रहा शहद पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, नैनीताल, बागेश्वर, देहरादून के अलावा दिल्ली और मुंबई तक सप्लाई किया जा रहा है। सीएम धामी के आदेश पर इच्छुक युवाओं को मौन पालन का प्रशिक्षण चंपावत, लोहाघाट, बाराकोट एवं पूर्णागिरि तहसीलों में दिया जाएगा। जिसके बाद यह युवा स्वरोजगार कर अपना बिजनेस शुरू कर सकेंगे।

### रुडक़ी बाईपास पर जबरदस्त जाम, हंगामा

रुडक़ी। डाक कावड़ में लाखों बाइकों और हजारों ट्रकों के आने से रुडक़ी बाईपास के पास जबरदस्त जाम लग गया। हरिद्वार से लौट रहे और वहां जा रहे कावडियों के वाहन आमने-सामने आ गए। पुलिस से भी कांवड़िए उलझते रहे और झड़प होती रही। वाहनों को विपरीत दिशा में डाल दिया। एसपी देहात के नेतृत्व में पुलिस व्यवस्था बनाने को जूझती रही। मंगलौर से शुरू होकर फ्लाईओवर सीधे कोर में उतरता है। बीच में नगला गांव (रुडक़ी बाईपास) पड़ता है। डाक कांवड़ के लाखों दुपहिया और चौपहिया वाहन हरिद्वार पहुंच चुके हैं। जितने वाहन हरिद्वार में हैं उतने ही वहां जाने के लिए नारसन बॉर्डर से आगे बढ़ रहे हैं।

### कलियर-रुडक़ी मार्ग हुआ क्षतिग्रस्त

रुडक़ी। बारिश के कारण कलियर-रुडक़ी मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। इसमें जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं। कई जगह सडक़ के किनारे मिट्टी के कटाव के कारण टूट गए हैं। पिछले कई दिन तक भारी बारिश रही। यह लोगों के लिए आफत बनकर आई थी। इसके कारण कलियर-रुडक़ी मार्ग पर सडक़ के किनारों की मिट्टी का कटाव होने के कारण सडक़ वहां से टूट गई है और कई स्थानों पर सडक़ में गहरे गड्ढे बन गए हैं। जिसके कारण सडक़ से गुजरने वाले राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

### बारिश के कारण दो मकान हुए ध्वस्त

रुडक़ी। बारिश के कारण नगर में दो मकान ध्वस्त हो गए जिसमें एक मकान पूरी तरह टूट गया है। परिवारों ने प्रशासन से आकलन के बाद मुआवजा दिए जाने की मांग की है। लगातार हुई बारिश ने लोगों के सामने कई प्रकार की परेशानियां खड़ी की हैं। इसमें कच्चे और पुराने मकानों में रह रहे लोगों के सामने सबसे अधिक परेशानी सामने आई है। नगर के मोहल्ला लालबाड़ा निवासी महिला कमरूनी का मकान बरसात के चलते ध्वस्त हो गया। मकान में रखा सभी सामान उसमें दब चुका है।

### सडक़ दुर्घटनाओं में पांच कांवडिय़े घायल

रुडक़ी। शुक्रवार को दिल्ली निवासी कांवडियों का एक दल डाक कांवड़ लेकर लौट रहा था। एक कावडिया गंगाजल लेकर आगे दौड़ रहा था। जैसे ही वह नारसन के निकट पहुंचा तभी एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे 108 सेवा के माध्यम से मंगलौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। बाद में कांवडिये संजीव पुत्र जयराम दास निवासी सरिता विहार दिल्ली को रेफर कर दिया गया। वहीं, हाईवे से पुलिस ने कांवडिये मनोज पुत्र लक्ष्मीनारायण निवासी बदरपुर दिल्ली, राजकुमार पुत्र ओमकर निवासी बदरपुर दिल्ली, रमन पाल पुत्र नरेश पाल निवासी भगवानपुर हरिद्वार और पिंकू पुत्र रामनिवास निवासी ग्राम पलवल हरियाणा को भी घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया।

## संक्षिप्त खबरें

### डेढ़ करोड़ रुपये से बने कोविड केयर सेंटर तीसरी बार आई दरारें

हरिद्वार। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बहादराबाद में डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बने कोविड केयर सेंटर की दीवारों में तीसरी बार दरारें पड़ गई हैं। सीलिंग भी टूट रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.मनीष दत्त ने कहा कि बहादराबाद केयर सेंटर की हालत बेहद खराब है। विभाग की तरफ से इस संबंध में दोबारा कार्यदाई संस्था को पत्र भेज दिया गया है। पत्र में लिखा है कि एक बार मरम्मत होने के बावजूद दोबारा दरारें आना और सीलिंग टूटना निर्माण सामग्री में सवाल खड़े होते हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बहादराबाद में डेढ़ करोड़ रुपये से बने कोविड केयर सेंटर का हाल ही में स्वास्थ्य विभाग ने निर्माण एजेंसी से मरम्मत कार्य कराया था। लेकिन समय बाद फिर से दिवारों के ज्वाइंट खुलने लगे हैं और छत में लगी सीलिंग कई जगह से टूटकर नीचे फर्श पर पड़ी है। करीब पंद्रह दिन पहले सीएमओ ने कोविड केयर सेंटर का निरीक्षण भी किया था। कोरोना काल के समय में सरकार ने कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए हरिद्वार के सबसे बड़े ब्लॉक बहादराबाद की पुरानी बिल्डिंग के ऊपर कोविड केयर सेंटर बनाने के लिए 1.60 करोड़ रुपऐं स्वीकृत किए थे।

### पालिका अध्यक्ष राजीश शर्मा ने सफाई कार्यों का जायजा लिया

हरिद्वार। शिवालिकनगर नगर पालिका क्षेत्र में शुक्रवार को अतिवृष्टि से हुए जल भराव से विभिन्न स्थलों पर जमा सिल्ट, नाले, नालियां व सडक़ मार्ग की सफाई का कार्य किया गया। क्षेत्र में जल निकासी की समस्या व आवागमन में अवरुद्ध होने से लोगों को परेशानियों को सामना करना पड़ रहा था। पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा ने मौके पर पहुंचकर सफाई कार्यों को जायजा लिया और पालिका कर्मचारियों को निर्देशित किया कि यह सफाई कार्य जल्द पुरा कर लिया जाए। जेसीबी मशीन व अन्य संसाधनों द्वारा नाले- नालियों व सडक़ों पर आई सिल्ट हटवाने का कार्य किया गया। पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहा कि अत्यधिक वर्षा के कारण क्षेत्र में उत्पन्न हुई समस्याओं के निराकरण के लिए निरन्तर कार्य किया जा रहा है। पालिका कर्मचारी लगातार क्षेत्र में कार्य कर रहे। क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए जो भी कार्य होने हैं, उन्हें तत्काल पूरा किया जा रहा है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष कैलाश भंडारी, उपाध्यक्ष रितु ठाकुर, महिला मोर्चा अध्यक्ष रीना तोमर, सभासद प्रतिनिधि पवन शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष अंशुल शर्मा, महामंत्री देव विख्यात भाटी, रितेश गौड़, राजेश बालियान, बंसत व क्षेत्र वासी उपस्थित रहे।

### कांवडिय़ों की भीड़ ने बढ़ायी यात्रियों की परेशानी

हरिद्वार। कांवड़ मेले के दौरान बसों की आवाजाही शहर में बंद रही। जिसके चलते लोगों को काफी दूर तक पैदल चलना पड़ा। वहीं दूसरी ओर आरोप है कि रिक्शा एवं ई-रिक्शा चालकों ने कांवडियों एवं सवारियों से मनमानी किराया वसूले। दिल्ली से आए मोहशिन ने बताया कि उनको देहरादून जाना है। लेकिन कोई वाहन नहीं मिलने के कारण पैदल जा रहा हूं। पानीपत से बाइक में कांवड़ लेने पहुंचे सतबीर ने बताया कि चंडी चौक से वीआईपी घाट तक लगभग एक किलोमीटर की दूरी का एक सवारी से सौ रुपये प्रति यात्री चालकों द्वारा वसूला गया।

### कांवडिय़े की स्कूटी दिलाई

हरिद्वार। दिल्ली के एक कांवडिये की मोटरसाइकिल शहर कोतवाली पुलिस ने वापस लौटा दी। कांवडिया पुलिस का शुक्रिया अदा करता रहा। एसएसआई मुकेश थलेड़ी ने बताया कि कांवडिया मनीष पुत्र ईश्वर सिंह निवासी गली नंबर तीन विष्णु गार्डन दिल्ली अपनी स्कूटी पर सवार होकर जल लेने आया था। उसने अपनी स्कूटी हाथी पुल के पास खड़ी थी, वापस लौटने पर देखा था कि स्कूटी गायब थी। तबसे वह स्कूटी की तलाश में जुटा था। बताया कि पुलिस को सूचना देने पर पुलिसकर्मी अमित भट्ट व सौरभ ने उसकी स्कूटी ढूंडकर उसे सौंप दी।

### बिजली न आने पर बेगमपुर के ग्रामीणों का हंगामा

हरिद्वार। पिछले 24 घंटे से बिजली आपूर्ति बंद होने से आक्रोशित बेगमपुर के ग्रामीणों ने बहादराबाद उपखंड अधिकारी कार्यालय में जमकर हंगामा कर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने कहा कि 12 जुलाई की रात को 63 केवीए ट्रांसफार्मर फूंक गया था। संबंधित अधिकारियों को जानकारी देने के बाद भी ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया है। अधिकारी उनका फोन उठाने को तैयार नहीं है। मजबूरन ग्रामीणों को बिजली कार्यालय पर प्रदर्शन करना पड़ा। वहीं, उपखंड अधिकारी अमित तोमर ने कहा कि उनको शुक्रवार सुबह सात बजे जानकारी मिली कि ट्रांसफार्मर खराब हो गया है। लाइनमैन और अवर अभियंता को मौके पर भेजा गया है। प्रदर्शन करने वालों में भरत सिंह, नरेश कुमार, अतर सिंह, स्वराज प्रधान, पृथ्वी सिंह, मदन लाल, अंकुर, करण सिंह, बिजेंद्र सिंह, कपिल देव, मनोज कुमार, रविंद्र पाल, चंद्र सिंह, ब्रजपाल सिंह आदि मौजूद थे।

# उत्तराखंड से दिल्ली सफर करने वाले ध्यान दें, पूरी तरह पैक है हाईवे, मिलेगा भयंकर जाम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार 15 जुलाई : हरिद्वार में इन दिनों कांवड़ यात्रियों की भीड़ उमड़ी हुई है, जिसके चलते सड़कों पर जाम लगा है। हाल ये हो गया है कि लोगों का रुड़की से लक्सर तक जाना भी मुश्किल हो गया है। अब कांवड़ मेला यात्रा अंतिम चरण में पहुंच चुकी है, इसी के साथ डाक कांवड़ यात्रियों की वापसी का क्रम तेज हो गया है।

प्रशासन उन्हें जल्द से जल्द हरिद्वार से निकाल रहा है, लेकिन शहर के हालात काबू में आते नहीं दिख रहे। हरिद्वार-दिल्ली हाईवे पर डाक कावड़ यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ी हुई है। जिससे जगह-जगह जाम लगा हुआ है। हाईवे पर कांवड़ तीर्थ यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ी रही, सुबह के समय भी राष्ट्रीय राजमार्ग पर यह नजारा देखने को मिला। पुलिस विभाग की ओर से डाक कांवड़ियों के वाहनों को लक्सर होकर भेजा जा रहा है, लेकिन क्योंकि रास्ते में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती नहीं की गई है, इस वजह से जगह-जगह जाम लग रहा है। पैदल कांवड़ यात्री अब कम दिखाई दे रहे हैं, लेकिन इनके जगह डाक कांवड़ यात्रियों की संख्या बढ़ने लगी है। दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, यूपी आदि राज्यों की ओर से बड़ी संख्या में डाक कांवड़ यात्रियों के वाहन शहर में पहुंच रहे हैं। इसमें दोपहिया वाहनों की संख्या भी काफी अधिक है।

अधिकारियों द्वारा पुलिस बल को मंगलौर बाईपास एवं रुड़की में स्टेट हाईवे पर तैनात किया गया है, ताकि यातायात कंट्रोल में रहे। आप भी उत्तराखंड आ रहे हों या फिर उत्तराखंड से हरिद्वार होते हुए दिल्ली जा रहे हों तो सावधान रहें। दिल्ली-हरिद्वार हाईवे पर जगह-जगह जाम लगा है, जिसके चलते आपको भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।



## शिव कृपा से सभी ग्रह बाधाएं होती हैं दूरः श्रीमहंत रविंद्रपुरी

हरिद्वार। मां मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र पुरी ने कहा कि श्रावण मास भगवान भोले शंकर की आराधना का पर्व है। शिवरात्रि पर जलाभिषेक का विशेष महत्व है। भगवान भोले शंकर भक्तों का कल्याण करते हैं। श्रावण में उनकी आराधना करने से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। उन्होंने चंद्रयान-3 लॉन्च करने पर पूरी इसरो टीम को शुभकामनाएं दी। ये बातें उन्होंने शिवरात्रि पर चरण पादुका में चल रहे विशेष अनुष्ठान के दौरान मीडिया से बातचीत में कहीं। श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने चरण पादुका मंदिर स्थित मंशेश्वर महादेव मंदिर में पूजन कर विश्व कल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि रुद्र भगवान शिव का ही प्रचंड रूप हैं। शुक्ल यजुर्वेद के रूद्राष्टाध्यायी मंत्रों का पाठ करते हुए पंचामृत से शिवलिंग पर अभिषेक करने से महादेव प्रसन्न होते हैं।

## कांग्रेसियों ने मांगा सरकार से मुआवजा

रुडक़ी। महानगर कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि मंडल ने ट्रैक्टर पर बैठकर जलभराव वाले क्षेत्र पनियाला रोड, साउथ सिविल लाइंस, आदर्श नगर, मच्छी मोहल्ला, रामपुर चुंगी आदि का मुआयना किया। कांग्रेसियों ने कहा कि बारिश ने नगर निगम के पानी की निकासी के इंतजामों की पोल खोल दी है। प्रदेश महासचिव विकास त्यागी ने कहा कि समय से जरूरी निर्माण कार्य और नालों की सफाई नहीं कराए जाने के कारण शहर में जलभराव की समस्या पैदा हुई है। कई जगहों पर अब भी पानी भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि यह जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की लापरवाही का नतीजा है। महानगर अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी ने कहा इस बारिश से भारी क्षति हुई है। किसानों की फसलों धान, गन्ना आम आदि का भारी नुकसान हुआ है।

## सुल्तानपुर में छोटे वाहनों की आवाजाही ठप

रुडक़ी। बाणगंगा का जलस्तर बढने से छोटे वाहनों और मोटरसाइकिल से आवाजाही ठप हो गई। इसके चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आसपास के लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली लगाकर मोटरसाइकिल सवारों को एक ओर से दूसरी ओर लेकर जा रहे हैं। लगातार हो रही बारिश के कारण सुल्तानपुर के पास से गुजरने वाली बाणगंगा का जलस्तर रात अचानक बढ़ गया। इसके चलते पंचलेश्वर महादेव मंदिर पर बने पुल, अलावलपुर घाट और ओसपुर पर बने पुल से पानी होकर गुजरने लगा। करीब तीन से चार फीट पानी होने के कारण छोटी कार और बाइक सवार लोगों की आवाजाही बंद हो गई। इसके चलते लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## रुडक़ी में टमाटर 200 रुपये किलो पहुंचा

रुडक़ी। कई दिनों तक हुई लगातार बारिश का सीधा असर सब्जियों के दामों पर पड़ा है। रुडक़ी में कुछ सब्जियों के दाम दोगुने हो गए हैं। माह के शुरुआती दिनों में 100 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बिकने वाले टमाटर के दाम 200 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गए हैं। ऐसी कोई सब्जी नहीं है, जिसके दाम घटे हों। नई मंडी में बारिश का पानी भरने से आवक पर असर पड़ा है। दो दिन तक सामान उतरा ही नहीं।

शुक्रवार को कुछ सब्जियां उतरीं। वहीं, प्याज के दाम स्थिर बने थे अब यह भी 25 से बढक़र 30 रुपये प्रति किलो हो गए हैं। सब्जी विक्रेता करण, नोमान, अजय ने बताया कि बारिश के बाद खेतों में सब्जी की फसल खराब होने से अचानक दामों में वृद्धि हुई। बताया कि रुडक़ी मंडी में फिलहाल पानी भरा हुआ है कुछ आढ़तों पर ही सब्जियां मिल रही हैं। सुबह पानी से होकर ही मंडी में सब्जी लेने गए थे। थोड़ी बहुत सब्जी ही मिल पाई है। मंडी में सब्जी खराब भी हो गई है। उनका कहना है कि अभी हरी सब्जियां और ज्यादा महंगी हो सकती हैं। ग्रहणी नैना लोहान, बेबी, डिंपल, प्रतिभा आदि का कहना है कि फिलहाल 60 रुपये प्रति किलो से कम कोई सब्जी ही नहीं मिल रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### पथरी में 36 घंटों से बिजली आपूर्ति ठप

हरिद्वार। पथरी क्षेत्र में पिछले 36 घंटो से क्षेत्र में ऊर्जा निगम कर्मचारी बिजली आपूर्ति को शुरू नहीं कर पाए है। पथरी फीडर पर सरकारी लाइनमैन नहीं होने के कारण ग्रामीणों को बिजली कटौती की मार झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों ने ठेकेदारी में रखे गए लाइनमैन को हटाने की गुहार लगाई है। पथरी के गांव धनपुरा, घिससुपुरा, पदार्था, चांदपुर, घोसीपुरा, डोगीवाला, झाबरी, रानीमाजरा, गुर्जर बस्ती आदि गांव में पिछले 36 घंटो से बिजली की आपूर्ति पूरी तरह ठप पड़ी हुई है। ग्रामीणों सलीम अहमद, जाकिर, जब्बार, दिलशाद, शमशाद, जरीफ, निसार, खुर्शीद, असलम, अकरम, सुंदर, सीताराम, बबलू, राम कुमार, सूरज का कहना है कि पथरी फीडर पर कोई भी सरकारी लाइनमैन तैनात नहीं है। ऊर्जा निगम कर्मचारियों की लापरवाई ग्रामीणों को भुगतनी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार प्रथा में लगे लाइनमैनों को हटाकर सरकारी लाइनमैन की व्यवथा की जाए ताकि ग्रामीणों को बिजली कटौती से राहत मिल सके। ऊर्जा निगम के जेई अतुल सक्सैना का कहना है कि क्षेत्र में पानी के बहाव में बिजली के पोल गिरने के कारण आपूर्ति ठप है। जल्द बिजली सुचारू की जाएगी।

### शिवालयों में पैरामिलिट्री फोर्स की मौजूदगी में होगा जलाभिषेक

हरिद्वार। शिवरात्रि पर्व पर कुंभनगरी के शिवालयों में जलाभिषेक के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पैरामिलिट्री फोर्स की तैनाती शिवालयों में की जा रही है। इन जगहों पर बम निरोधक दस्ते और डॉग स्कवॉयड से भी सघन चेकिंग कराई जाएगी। एसएसपी अजय सिंह ने अधीनस्थों से जलाभिषेक के दौरान अव्यवस्थाएं न फैलने के निर्देश दिए हैं। कुंभनगरी में शिवालयों की भव्य साज सज्जा की गई है। शिवालयों की रौनक देखते ही बन रही है। हर शिवालय दूधिया रोशनी से नहाया हुआ है। शिवरात्रि पर्व पर विशेष पूजा अर्चना का सिलसिला शुक्रवार रात से ही शुरू हो गया। शनिवार को आमजन शिवालयों में पहुंचकर जलाभिषेक करेंगे। शहर के प्रमुख शिवालय जैसे दक्षेश्वर महादेव, तिलभांडेश्वर महादेव, दरिद्र भंजन महादेव, बिल्वकेश्वर महादेव, नीलेश्वर, गुप्तेश्वर, कुंडीसोटा, सिद्ध स्त्रोत में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए पहुंचेंगे। जलाभिषेक को लेकर पुलिस महकमे ने भी अपनी तैयारी पूरी कर ली है। मंदिरों में अव्यवस्था न फैले इसके लिए एसएसपी अजय सिंह ने अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए है। बकौल एसएसपी कि कतारबद्ध होकर ही आमजन जलाभिषेक कर सकेंगे। राजपत्रित अफसरों को प्रमुख शिवालयों में तैनात रहने के निर्देश दिए गए है। पैरामिलिट्री फोर्स भी शिवालयों में तैनात रहेगी। इसके अलावा पुलिस एवं पीएसी भी व्यवस्था संभालेगी। एसएसपी ने बताया कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिवालयों में पहुंचते है, इस लिहाज से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

### गैंडीखाता में चार दिन बाद भी दूरसंचार सेवा नहीं हुई बहाल

हरिद्वार। गैंडीखाता में चार दिन बाद भी दूरसंचार सेवाएं बहाल नहीं हो पाई है। जिओ, एयरटेल, वोडाफोन-आइडिया के टावर बारिश के कारण खराब होने से इन कंपनियों की संचार सेवा ठप पड़ी हुई है। गैंडीखाता क्षेत्र के पांच गांव के करीब दस हजार लोग अपने फोन का प्रयोग नहीं कर पा रहे है। राहत की बात यह है कि गैंडीखाता क्षेत्र में इस समय केवल बीएसएनएल के नेटवर्क ही काम कर रहे हैं। गैंडीखाता क्षेत्र में दूरसंचार ठप होने से इंटरनेट सेवा भी प्रभावित हुई है। जिसके चलते डिजिटल लेने देन, मोबाइल रिचार्ज, भुगतान सेवा आदि ठप पड़ी हुई है। बीते मंगलवार को बारिश के चलते गैंडीखाता खदरी में दस फिट जल भराव के चलते दूरसंचार कंपनियों के टावर के जनरेटर और उपकरण खराब हो गए थे। जिससे दूरसंचार कंपनियों को लाखों रुपये का नुक्सान झेलना पड़ा है। स्थानीय ग्रामीण सबल सिंह रावत, हरीश रावत, भगवान सिंह, कश्मीर सिंह, मनोज कलुडा, जयपाल सिंह आदि का कहना है दूरसंचार सेवा ठप होने से जन जीवन अस्त-व्यस्त गया है। लोगों के जरूरी कार्य भी नहीं हो पा रहे हैं। फोन पर रिश्तेदारों से भी बातचीत नहीं हो पा रही है। डिजिटल लेन देन न होने से व्यापार ठप हो गया। आपदा में राहत के लिए प्रशासन से सम्पर्क करने में भी दिक्कत झेलनी पड़ रही है।

### नगर आयुक्त से की अवैध रुप से हो रहे डेयरी संचालन की शिकायत

हरिद्वार। ज्वालापुर के आर्य नगर ज्वालापुर की गलियों में सडक़ और नालियों में भरी गन्दगी को लेकर आर्यनगर के निवासियों ने नगर आयुक्त को लिखे शिकायती पत्र को सहायक नगर आयुक्त श्याम सुंदर को सौंपा। क्षेत्रीय निवासियों का आरोप है कि उनके क्षेत्र में अवैध रुप से डेयरी का संचालन किया जा रहा है। जिस कारण बरसात व अन्य दिनों में डेयरी से गाय व भैंस का गोबर सडक़, नालियों, घरों व सीवर में बहकर गंदगी फैलाता है।

# उत्तराखंड में बेटियों के लिए खुशखबरी, होमगार्ड भर्ती को लेकर आई गुड न्यूज

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 15 जुलाई : प्रदेश में अब महिला होमगार्ड भर्ती जल्द ही शुरू होने वाली है। महिला होमगार्ड के 330 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है। अब तक इस भर्ती को लेकर बहुत कन्फ्यूजन था मगर अब यह कन्फ्यूजन क्लियर हो गया है। शासन स्तर पर यह निर्णय लिया गया है कि अब भर्ती के लिए लिखित परीक्षा नहीं होगी। इनकी भर्ती शारीरिक परीक्षा और शैक्षिक योग्यता के आधार पर होगी। जल्द ही शासन द्वारा इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी कर दिए जाएंगे। इस समय लगभग 6500 होमगार्ड विभिन्न सरकारी कार्यालयों के साथ ही पुलिस के कार्यों में सहयोग दे रहे हैं। इनमें पुरुष व महिला होमगार्ड दोनों ही शामिल हैं

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिसंबर में हुई परेड में महिला होमगार्ड की भर्ती की घोषणा की थी। इस क्रम में शासन ने आदेश






जारी कर ऊधमसिंह नगर, पिथौरागढ़, चंपावत, अल्मोड़ा, बागेश्वर, चमोली, रुद्रप्रयाग, पौड़ी, उत्तरकाशी और टिहरी जिले में एक-एक महिला प्लाटून महिला होमगार्ड के पदों पर भर्ती करने का निर्णय लिया। अभी होमगार्ड विभाग में महिला होमगार्ड के 239 पद स्वीकृत हैं, जिसमें से 215 महिला होमगार्ड तैनात हैं। ये महिला होमगार्ड देहरादून, हरिद्वार और नैनीताल जिले में सेवा दे रही हैं। ऐसे में शेष बचे जिलों में भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की बात हुई।

# उत्तराखंड : बेरोजगार युवा सावधान, नौकरी के नाम पर आपको न लग जाए 99 लाख का चूना





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 15 जुलाई : उत्तराखंड में भर्ती परीक्षाओं में धांधली की खबरें इतनी आम हो गई हैं कि हर किसी को यही लगता है कि वो भी पैसे देकर सरकारी नौकरी पा जाएगा। युवाओं में सरकारी नौकरी के क्रेज को कुछ जालसाजों ने अपना धंधा बना रखा है। ये लोग सरकारी नौकरी का झांसा देकर युवाओं को लूट रहे हैं। देहरादून में ऐसे ही एक मामले में एक लड़के से 99 लाख रुपये की ठगी हो गई। पीड़ित लड़के ने अपने दोस्तों-रिश्तेदारों से उधार लेकर रकम जुटाई थी, लेकिन न तो सरकारी नौकरी मिली और न ही पैसे वापस मिले।

अब पीड़ित ने नेहरू कॉलोनी थाने में 6 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। इसमें दो आरोपियों राजीव प्रताप और आलोक प्रताप से एसटीएफ पेपर लीक के मामले में पिछले दिनों पूछताछ भी कर चुकी है। पीड़ित धर्मेंद्र सिंह रावत का परिवार केदारपुरम में रहता है। पुलिस को दी गई शिकायत में धर्मेंद्र ने बताया कि साल 2015 में वो दिल्ली में रहकर सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहा था।

साल 2017 में उसकी मुलाकात आरोपी राजीव प्रताप से हुई। राजीव प्रताप ने कहा कि उसके मामा जयदेव शाह आयोग के पूर्व कर्मचारी हैं और न्यायिक सेवा में रह चुके हैं। उन्होंने उत्तराखंड पीसीएस की परीक्षा अपने मामा जयदेव शाह को पैसे देकर पास की है। कुछ दिन बाद राजीव प्रताप ने धर्मेंद्र को अपने मामा जयदेव शाह से मिलवाया।

जयदेव ने कहा कि वो जेई या फिर सहायक वन संरक्षक के पद पर नौकरी दिला सकता है, पर खर्चा लगेगा। आरोपियों ने धर्मेंद्र से 84 लाख रुपये मांगे। तब नौकरी के लालच में धर्मेंद्र ने उत्तरकाशी के दोस्तों-रिश्तेदारों से 84 लाख रुपये लेकर राजीव प्रताप, आलोक प्रताप, लोकेंद्र राजपाल और राजेंद्र के खाते में जमा करा दिए। आरोपियों ने बाद में 15 लाख रुपये और मांगे और इस तरह 99 लाख रुपये ठग लिए।

दो साल तक आरोपी धर्मेंद्र को नौकरी का झांसा देते रहे, लेकिन जब जॉब नहीं मिली तो धर्मेंद्र ने अपने पैसे वापस मांगे, लेकिन आरोपी टालमटोल करने लगे। अब पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस ने धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### ग्राम पंचायतों से प्लास्टिक और कूड़ा उठान के लिए रूट चार्ट तैयार

रुद्रप्रयाग। जिले की ग्राम पंचायतों से प्लास्टिक अपशिष्ट एवं कूड़ा उठान के लिए रूट चार्ट तैयार किया गया है। जिसमें तीनों ब्लाकों की ग्राम पंचायतों के लिए सप्ताह में एक दिन निश्चित कर कूड़ा निस्तारण के लिए काम्पेक्टर मशीनों तक पहुंचाया जाएगा। जिससे ग्राम पंचायतें भी साफ एवं स्वच्छ नजर आएंगी। जिला पंचायत राज अधिकारी प्रेम सिंह रावत ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में ग्राम पंचायतों से प्लास्टिक अपशिष्ट को उठाकर कूड़ा वाहन से कॉम्पेक्टर तक पहुंचाने के लिए रूट चार्ट तैयार कर लिया गया है। बताया कि विकास खंड द्वारा उपलब्ध कराए गए रूट चार्ट के अनुसार माह जुलाई के प्रथम सप्ताह से चलाए जा रहे कूड़ा वाहनों में ग्राम पंचायतों में एकत्रित प्लास्टिक अपशिष्ट कूड़े को वाहन में डालने के लिए ग्राम पंचायतें उत्तरदायी रहेंगी। एकत्रित कूड़े से संबंधित पंजिका ग्राम पंचायतों में सुरक्षित रखी जाएगी। जिसमें कूड़े की मात्रा व फोटोग्राफ आदि का विवरण होगा। उन्होंने बताया कि ब्लाक ऊखीमठ के अन्तर्गत सोमवार को 22 ग्राम पंचायत, मंगलवार को 8 ग्राम पंचायत, बुधवार को 12 ग्राम पंचायतें, गुरूवार को 17 ग्राम पंचायत, शुक्रवार को 10 ग्राम पंचायतों से कूड़ा एकत्रीकरण किया जाएगा। जिसके बाद कूडे को सोनप्रयाग व मनसूना में स्थापित काम्पेक्टर मशीन में निस्तारण लिए भेजा जाएगा। विकास खंड जखोली में सोमवार को 23 ग्राम पंचायत, मंगलवार को 22 ग्राम पंचायत, बुधवार को 16 ग्राम पंचायत, गुरुवार को 21 ग्राम पंचायत, शुक्रवार 13 ग्राम पंचायत, शनिवार को 13 ग्राम पंचायतों से कूड़ा संग्रहण कर मयाली, तिलवाड़ा व अगस्त्यमुनि के काम्पेक्टर मशीनों में डाला जाएगा। इसी प्रकार अगस्त्यमुनि में सोमवार को 30 ग्राम पंचायत, मंगलवार को 21 ग्राम पंचायत, बुधवार को 27 ग्राम पंचायत, गुरूवार को 39 ग्राम पंचायत, शुक्रवार को 22 ग्राम पंचायत तथा शनिवार को 20 ग्राम पंचायतों से कूड़ा संग्रहण किया जाएगा।

### चमोली में मौसम साफ ,खिली चटख धूप

चमोली। चमोली जनपद में शुक्रवार को मौसम साफ रहा। बदरीनाथ हाइवे पर यात्रा जारी रही। हेमकुंड की भी यात्रा नियमित रही। जनपद में शुक्रवार तक 27 मोटर मार्ग अवरुद्ध पड़े हुए हैं। जिन्हें खोलने का काम संबंधित विभाग के द्वारा किया जा रहा है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी ने कहा कि जनपद में हुई भारी बारिश से 98 मोटर मार्ग अवरुद्ध हो गए थे। जिनमें से 71 मोटर मार्गों को यातायात के लिए खोल दिए गए हैं। जबकि 27 मोटर मार्ग अभी भी अवरुद्ध हैं। जिन्हें खोलने का कार्य संबंधित विभाग के द्वारा किया जा रहा है।

### भाजपाइयों ने चलाया सफाई अभियान

चमोली। शुक्रवार को भाजपा नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया। सुभाषनगर एप्रोच सडक़ पर चले सफाई अभियान में भाजपाइयों ने कीचड़ को हटाकर जल निकासी की व्यवस्था की। साथ ही भाजपाइयों ने लोगों से कूड़े को निश्चित स्थान पर ही खाली करने की अपील की। सुभाषनगर एप्रोच सडक़ पर लगातार गंदगी का आलम बना रहता है। यहां जगह-जगह कूड़ा बिखरे होने और जल निकासी की व्यवस्था न होने से सडक़ पर कीचड़ बना रहता है। जिससे पैदल राहगीरों और स्कूली बच्चों को खासी मुसीबत उठानी पड़ती है।

## संपादकीय



### ग्राउंड जीरो पर सुक्खू

कठिन डगर पर सुक्खू सरकार की परीक्षा कम से कम राहत कार्यों की दृष्टि से प्रशंसनीय मुकाम तक पहुंच गई। बाढ़ के तांडव में सत्तर हजार लोगों का बचाव कार्य अपनी दुरुहता के बीच हतोत्साहित करने का मंजर पैदा कर चुका था, लेकिन बादलों के बीच बचाव के झरोखे निकाल कर मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने मानवता की जरूरत और प्रशासनिक क्षमता की अपनी शक्ति का भरपूर प्रदर्शन किया। यह ऐसा अनूठा आपदा प्रबंधन है जिसका नेतृत्व मुख्यमंत्री ने आपदाग्रस्त क्षेत्रों के तकलीफदेह माहौल में किया। मानो राजधानी बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों की निगरानी में शिमला से निकल कर मंडी, कुल्लू, लाहुल-स्पीति व किन्नौर में घूम रही हो। चंद घंटों में बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों से साठ हजार के करीब लोगों एवं पर्यटकों को मुसीबत से निकालकर, फिर से जिंदगी के सफर से जोड़ देना पूरे देश के लिए नजीर बनेगा। यह इसलिए भी कि जहां सारी उपलब्धियां, क्षमताएं व शक्तियां डूब रही हों, वहां मुख्यमंत्री का साहसिक अंदाज पूरे प्रदेश का मनोबल सशक्त कर रहा था तथा तैयारियों से कहीं आगे नेतृत्व कर रहा था। लाहुल के चंद्रताल से और बातल में बर्फ में फंसे करीब 255 पर्यटकों को सडक़ मार्ग से लोसर पहुंचाना, तो किसी फिल्म के निर्देशन की तरह इतिहास की एक यादगार घटना बन गया। खास बात यह कि मुख्यमंत्री ने बचाव के राज्य स्तरीय खाके में न केवल सरकारी मशीनरी को अहम बनाया, बल्कि सरकार के हर ओहदे को प्ेररणादायक भी बनाया। यहां जिक्र खास तौर पर 65 वर्षीय बागबानी मंत्री जगत सिंह नेगी तथा मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी का होगा, जिन्होंने सरकार के आदर्शों में ग्राउंड जीरो से सारा बचाव कार्य चलाया। यह बड़ी शिद्दत से हुआ रेस्क्यू आपरेशन है, जिसने प्रदेश की छवि, मौसम की बेरुखी और पर्यटकों की निराशा के घोर बादलों को छांटते हुए इतिहास रचा। हिमाचल में मौसम के बिगड़े मिजाज में फंसे कई पर्यटक भले ही तौबा कर लें, लेकिन यह एहसास लेकर लौट जरूर रहे हैं कि बचाव के हर कदम पर प्रदेश सरकार का मरहम राहत देता रहा। सरकारों की पहचान संकट की घड़ी में और निर्णायक भूमिका में होती और यह दक्षता सिद्ध करके सुखविंदर सुक्खू ने न केवल राज्य की योग्यता बढ़ाई, बल्कि सरकार का परचम भी फहराया। मौसम ने जिस हिमाचल को असहाय बनाकर फंसा दिया था, उससे मुक्त होने की मुद्रा परिलक्षित हुई है, तो यह कारनामा प्रदेश के आत्मबल को सुदृढ़ करता है।

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# हाल ए शहर देखने निकले नगर आयुक्त ने स्पॉट पर दिए कड़े निर्देश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 15 जुलाई , मोहब्बेवाला में जल भराव की समस्या के स्थायी समाधान हेतु नगर आयुक्त ने निरीक्षण किया।मोहब्बेवाला गीता एन्कलेव एवं मोहब्बेवाला जाली गाँव से बार-बार जल भराव की शिकायत नगर निगम को प्राप्त हो रही थी। जिस पर नगर निगम की क्विक रिस्पान्स टीम मौके पर जाकर मोटर पम्प से बरसाती पानी की निकासी कर समस्या का समाधान कर रही थी। इस समस्या का संज्ञान लेते हुये नगर आयुक्त मनुज गोयल ने इन क्षेत्रों का निरीक्षण किया निरीक्षण करने पर पाया गया कि इन स्थलों पर भवन स्वामियों द्वारा नालियों में अवरोध उत्पन्न किया गया है जिससे बरसात का पानी इकट्ठा होकर बार-बार जल भराव हो रहा है।



दिये गये निर्देश : ●नगर आयुक्त द्वारा नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह एम0डी0डी0ए0 के अधिकारियों से समन्वय बनाते हुये ऐसे भवन निर्माणों की जांच करें जिनके द्वारा बरसाती जल के बहाव में अवरोध उत्पन्न किया है एवं नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।●इसके अतिरिक्त नगर निगम के सफाई निरीक्षकों को निर्देश दिये कि कालोनियों से लगी हुयी सड़को की नालियों की अविलम्ब सफाई करवाये जिससे बरसाती पानी आवासीय कालोनी की तरफ न जायें। ●नगर निगम के अधिशासी अभियंता को आदेशित किया कि भविष्य में इन स्थानों पर जल-भराव न हो इसके लिये आम सहमति से रिचार्जेबल पिट बनाने की नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।



# मानसून में मौसमी बीमारियों से रहना चाहते हैं सुरक्षित, तो रोजाना पिएं ये 3 चाय

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 15 जुलाई : बीते कुछ दिनों देशभर में बारिश का दौर जारी है। लगातार हो रही बारिश की वजह से देश के कई हिस्सों में बाढ़ के हालात बन चुके हैं। दिल्ली समेत देश के कई हिस्सों में बारिश लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई। मानसून का मौसम आते ही हमारी जीवनशैली में तेजी से बदलाव होने लगता है। इस मौसम में हमारे खान-पान से लेकर पहनावे तक सब कुछ बदल जाता है।

बरसात का मौसम जहां अपने साथ खुशनुमा माहौल लेकर आता है, तो वहीं कई सारे संक्रमण और बीमारियां भी लाता है इस मौसम में अक्सर लोगों की इम्युनिटी भी काफी कमजोर हो जाती है, जिसकी वजह से व्यक्ति कई तरह की बीमारियों के प्रति संवेदनशील हो जाता है। ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि इस मौसम में खुद को इन संक्रमण से बचा कर रखा जाए।

अगर आप भी मानसून के सीजन में इन बीमारियों से बचे रहना चाहते हैं, तो आज हम इस आर्टिकल में आपको तीन ऐसी चाय




बताने जा रहे हैं, जिनकी मदद से आप मानसून में होने वाली मौसमी बीमारियों से खुद को और अपने परिवार को सुरक्षित रख सकते हैं।

कई सारे गुणों से भरपूर ग्रीन हमारी सेहत के लिए बेहद गुणकारी होती है। एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होने के साथ ही इसमें आयरन, मैग्नीशियम, पोटेशियम, कॉपर, जिंक जैसी कई सारे पोषक तत्व भी मौजूद होते हैं। बरसात के मौसम में इसे पीने से आपकी इम्यूनिटी को बूस्ट होती हैं। साथ ही इस मौसम होने वाली सर्दी, खांसी, बुखार और सिरदर्द से भी राहत मिलती है। इसके अलावा डायबिटीज के मरीजों के लिए भी ग्रीन टी कॉफी फायदेमंद होती है। इसे पीने से ब्लड शुगर तो कंट्रोल होता ही है, साथ ही मानसून में इसे पीने के कई सारे फायदे भी मिलते हैं।

बरसात के मौसम में अगर आप अपनी इम्युनिटी मजबूत करना चाहते हैं, तो उसके लिए अजवाइन और सौंफ की चाय फायदेमंद साबित होगी। सौंफ में फाइबर प्रोटीन आयरन और कैल्शियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, ऐसे में इसे पीने से सिर दर्द और सर्दी-जुखाम जैसी समस्याओं से राहत मिलती है। इसके अलावा यह पाचन तंत्र में सुधार करने के साथ ही एसिडिटी दूर करता है।अपने औषधीय गुणों के लिए मशहूर तुलसी कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं में फायदेमंद है। अगर आप सर्दी, खांसी, सिर दर्द से परेशान हैं, तो इसके लिए तुलसी की चाय फायदेमंद साबित होगी। साथ ही इसे पीने से डायबिटीज, डिप्रेशन और चिंता जैसी समस्याएं भी दूर रहती है। तुलसी में मौजूद एंटी-इन्फ्लेमेटरी तत्व शरीर की सूजन कम करने में भी सहायक है। साथ ही बरसात में इसकी चाय पीने से प्रतिरक्षा प्रणाली भी मजबूत होती है।

# चन्द्रयान-3 की सफल लॉचिंग पर महाराज ने दी बधाई

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 15 जुलाई , चन्द्रयान-3 की सफल लॉचिंग पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने इसरो के वैज्ञानिकों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है।आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से चन्द्रयान-3 की सफल लॉन्चिंग के ऐतिहासिक अवसर पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने इसरो के वैज्ञानिकों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इसरो के वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत के परिणाम स्वरूप ₹मेक इन इंडिया₹ का यह मिशन कामयाब रहा है। महाराज ने कहा कि चन्द्रयान-3 के प्रक्षेपण के साथ ही अमेरिका चीन और तत्कालीन सोवियत संघ के बाद भारत चौथा ऐसा देश



बन जाएगा जिसने चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग की महारत हासिल की है। उन्होंने कहा कि यह मेक इन इंडिया का एक सफलतम उदाहरण है।चन्द्रयान-3 के प्रक्षेपण से हम अन्य देशों के सैटेलाइट भी अंतरिक्ष में स्थापित कर पाएंगे, जिसका आने वाले समय में हमें व्यवसायिक लाभ भी प्राप्त होगा।

# डीएम अध्यक्षता में हुई जल संवर्धन, जल संरक्षण और कैच द रैन को लेकर बैठक

नई टिहरी। डीएम मयूर दीक्षित ने जल संवर्धन, जल संरक्षण और कैच द रैन को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में डीएम ने जल संरक्षण को लेकर एनजीओ के साथ समन्वय बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि जल जीवन मिशन में प्रथम किश्त का लेखा-जोखा पूरा होने के बाद ही दूसरी किश्त जारी की जायेगी। जिला सभागार में आयोजित बैठक में डीएम ने जल संरक्षण व संवद्धन को लेकर विभागों को जमीन पर काम करने की सलाह देते हुए कहा कि जल संरक्षण को लेकर सभी संबंधित विभाग वित्तीय वर्ष 2023-24 की कार्ययोजना पूर्ण विवरण सहित उपलब्ध कराएं। ग्राम पंचायतों में जिल जल स्रोतों पर काम करना है, इसकी सूचना सीडीओ को उपलब्ध कराते हुए सप्ताह में एक बार समीक्षा करें। कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, वन विभाग व उद्यान द्वारा जल संरक्षण में किये गये कार्यों की जानकारी लेते हुए सूचना एवं पीआरडी विभाग को नुक्कड़ नाटक के साथ महिला व युवा मंगल दलों के माध्यम से प्रचार-प्रसार जल संरक्षण को लेकर जागरूक करने के निर्देश दिए। ईई सिंचाई को एक सप्ताह में सभी चेक डैम को चेक करने, गूगल मैपिंग कर पूर्ण विवरण सहित जियो टैग करने के निर्देश दिए। एसई सिंचाई को चैक डैमों की निगरानी करने को कहा गया। जल संरक्षण को लेकर चेक डैम, चाल खाल, खंती, ट्रंचिस बनाए जाने तथा पौधरोपण व साफ-सफाई के लिए जल निगम और जल संस्थान को मॉडल प्रारूप बनाकर सोर्स वाइस प्लान डीडीओ को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। डीडीओ को डीपीआरओ के साथ समन्वय कर मनरेगा एवं 15वें वित्त से जल संरक्षण के कार्य कराने के निर्देश दिए। अमृत सरोवर योजना के तहत कुछ पैरामीटर बनाकर अच्छा प्रोजेक्ट बनाने को भी कहा। जल संरक्षण के लिए सभी ग्राम पंचायतों में डीपीआर भेजने एवं डीपीआरओ को सूचित करने को संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। डीपीआरओ को जल संरक्षण को लेकर ग्राम पंचायत वाइज धनराशि सहित कार्ययोजना बनाकर विवरण उपलब्ध कराने तथा कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ मनीष कुमार, डीडीओ सुनील कुमार, एसई सिंचाई आरके गुप्ता, ईई लघु सिंचाई बृजेश गुप्ता, ईई जल निगम केएन सेमवाल आदि मौजूद रहे।

## पुनाड़ गदेरे पर जानलेवा बना पुल

रुद्रप्रयाग। धनपुर पट्टी के दर्जनों गांवों को जोड़ने वाला तूना-बौंठा मोटरमार्ग पर काला पहाड़ में बना मोटर पुल अब जानलेवा बना है। पुल के दोनों तरफ काफी बड़े हिस्से में लोहे की सुरक्षा रेलिंग नहीं होने से खतरा बना है। दस किमी लंबे मोटर मार्ग के शुरुआत में ही दो किमी मार्ग बुरी तरह से खराब है। मार्ग पर काला पहाड़ तोक में पुनाड़ गदेरे पर बनी पुलिया भी जर्जर हो रही है।

## महिलाओं को दिया पिरुल और सेलू से सजावटी उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण

नई टिहरी। टिहरी जिले भिलंगना और जाखणीधार ब्लॉक के ग्राम पंचायत कोटी, पौखाल के साथ मंथल की 35 ग्रामीणों महिलाओं को माउंटवैली डेवलपमेंट एसो. की ओर से पिरुल और भीमल के रेसे (सेलू) से विभिन्न प्रकार के सजावटी उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण मंथल गांव में दिया गया। प्रशिक्षण देने का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत कर उनकी आय का स्रोत बढ़ना है।

## संक्षिप्त खबरें

### छात्र नेताओं ने की सीयूईटी परीक्षा की अनिवार्यता खत्म करने की मांग

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के बिड़ला परिसर छात्र संघ अध्यक्ष गौरव मोहन नेगी के नेतृत्व में शुक्रवार को छात्रों ने विवि के कुलसचिव से मिलकर सीयूईटी परीक्षा की अनिवार्यता को खत्म करने की मांग की। कहा यदि उनकी मांग पर अमल नहीं हुआ तो वह इस वर्ष विवि में प्रवेश प्रक्रिया ठप कर देंगे। कुलसचिव से वार्ता के दौरान छात्र संघ अध्यक्ष गौरव मोहन नेगी, सूरज भंडारी, रोबिन बिष्ट, अभिनव बहुगुणा ने कहा कि सीयूईटी परीक्षा से छात्रों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कहा इसकी अनिवार्यता न होने के बावजूद विवि प्रशासन ने इस परीक्षा को जबरन छात्रों पर थोपा है। उन्होंने कहा कि भारी वर्षा से आवागमन के रास्ते बंद होने से छात्रों को विवि के परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में कठिनाइयां हो रही हैं। उन्होंने छात्रों के भविष्य को देखते हुए परीक्षा तिथि बढ़ाए जाने की मांग की। शोध छात्रों की मांगों को लेकर उन्होंने कहा कि 8 हजार रुपये स्कॉलरशिप जो शोध छात्रों को दी जाती है वह शोध कार्य के लिए पर्याप्त नहीं है जिसे विवि द्वारा बढाना चाहिए। कहा यदि स्कॉलरशिप नहीं बढ़ती है तो सभी शोध छात्रों द्वारा शोध कार्य रोक दिए जाएंगे। उन्होंने बिड़ला परिसर के हॉस्टल के पीछे से डांग क्षेत्र को जोडने वाले पैदल मार्ग को खोलने व विवि की सभी इमारतों की छतों का निरीक्षण करने की मांग भी की। कहा यदि उक्त मांगों पर जल्द से जल्द कार्यवाही नहीं होती है तो उन्हें उग्र आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा। मौके पर कैलाश नगवाल, अभिषेक डंगवाल, नवीन, दीपक, रोहित कोहली, सुधांशु, श्रेय मंमगाई, संदीप बुटोला आदि मौजूद रहे।

### बार एसोसिएशन श्रीनगर ने जताया स्वास्थ्य मंत्री का आभार

श्रीनगर गढ़वाल। बार एसोसिएशन श्रीनगर ने राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में एमआरआई मशीन का लोकार्पण करने पर कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत एवं गढ़वाल सासंद का आभार व्यक्त किया। बार एसोसिएशन के संरक्षक अनूपश्री पांथरी ने कहा कि राजकीय मेडिकल कॉलेज में एमआरआई मशीन की सुविधा होने से लोगों को अब देहरादून सहित मैदानी इलाकों की ओर दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि एमआरआई की सुविधा मिलने से गढ़वाल क्षेत्र के लोगों को खासा लाभ मिलेगा। आभार जताने वालों में बार कौंसिल ऑफ उत्तराखण्ड के सदस्य अर्जुन सिंह भण्डारी, अध्यक्ष प्रमेश चन्द्र जोशी, उपाध्यक्ष जगतीत सिंह जयाड़ा, सचिव ब्रह्मानंद भट्ट, सह सचिव देवी प्रसाद खरे, कोषाध्यक्ष सुबोध भट्ट, पूर्व अध्यक्ष दीपक भण्डारी, पूर्व सचिव विकास पंत, पूर्व उपाध्यक्ष विवेक जोशी,भूपेन्द्र गैरोला, प्रदीप मैठाणी, बलबीर सिंह रौतेला, ओमप्रकाश मैठाणी, सलमा सहित आदि मौजूद रहे।

### लगातार बारिश से आवासीय भवनों को खतरा

। बीते तीन दिनों से हुई लगातार बारिश के चलते रैंतोली में एक आवासीय भवन के पीछे से पुश्ता ढहने की कगार पर है। जबकि स्यालडोभा-खाल्यू मोटरमार्ग के निर्माण से भी आवासीय भवन को खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। रैंतोली निवासी रविंद्र असवाल का कहना है कि उनके आवासीय भवन के पीछे से सार्वजनिक पैदल मार्ग गुजर रहा है। जिस पर दरारें आ चुकी हैं। तेज बारिश में पुश्ता कभी भी भरभराकर गिर सकता है। जिससे नुकसान हो सकता है। कहा कि रैंतोली में ही उनके व्यापारिक प्रतिष्ठान के आगे बने नगर पालिका का पैदल मार्ग टूटने से उनके प्रतिष्ठान की सुरक्षा दीवार भी ढह गई है। उन्होंने जिला प्रशासन से प्रतिष्ठान के आगे सुरक्षा दिवार लगाने व आवासीय भवन के पीछे क्षतिग्रस्त पुश्ते को ठीक करवाने की मांग की है। इसके अलावा मणिगुह के स्याल डोभा निवासी विजयपाल सिंह रावत ने कहा कि राजस्व गांव स्याल डोभा में दो परिवारों का बड़ा आवासीय भवन है। जिसके नीचे से गुजर रहे मोटरमार्ग के निर्माण के दौरान विभाग द्वारा 12 मीटर उपर काटा गया। जिससे उनके आवासीय भवन को भारी खतरा हो गया है। जबकि आंगन व भवन की सीढ़ी पूर्णरूप से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। बारिश में संभावित नुकसान को कम करने के लिए उन्होंने जिला प्रशासन से नुकसान की भरपाई करने के लिए आकलन करने की मांग की है।